00622

Number of Printed Pages : 2

ई.एस.-345

शिक्षा में स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा, 2019

ई.एस.-345 : हिन्दी शिक्षण प्रविधि

समय : 3 घण्टे | अधिकतम भारिता : 70%

नोट: सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों की भारिता समान है।

1. नीचे दिये गए प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

   भाषा अर्जन की प्रक्रिया तथा प्रकृति का उल्लेख कीजिए।

   अथवा

   भाषा की मूल अवधारणा समझाते हुए भाषा के कौशलों का विवेचन कीजिए।

2. नीचे दिये गए प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

   मूल्यांकन का अर्थ तथा महत्त्व स्पष्ट करते हुए एक अच्छे प्रश्नपत्र की विशेषताएं बताइए।

   अथवा

   भाषा कौशलों की त्रुटियों के निदान तथा उपचारों पर प्रकाश डालिए।

3. नीचे दिये गये प्रश्नों में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों का उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर लगभग 120 शब्दों में दीजिए :

(क) संवेगों की अभिव्यक्ति से बालक के व्यक्तित्त्व के विकास पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

(ख) पाठ्य पुस्तक के गुणों का उल्लेख कीजिए।

(ग) शुद्ध उच्चारण किन-किन बातों पर निर्भर करता है, स्पष्ट कीजिए।

(घ) वाचन और पठन में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) निबन्ध शिक्षण में भाषा कार्य और विचार-विश्लेषण को किस प्रकार समायोजित करना ठीक समझते हैं ?

(च) भाषिक एवं साहित्यिक योग्यताओं की समृद्धि के लिए समुन्नयन कार्य का महत्त्व स्पष्ट कीजिए।

(छ) कहानी शिक्षण के तत्त्वों का विवेचन कीजिए।

4. नीचे दिये गये प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में दीजिए :

व्याकरण शिक्षण की प्रमुख विधियां बताते हुए माध्यमिक स्तर पर पढ़ाए जाने वाले किसी प्रकरण पर व्याकरण शिक्षण की पाठ योजना तैयार कीजिए।

----- x -----